भारत-इटली प्रवासन और आवाजाही समझौता

प्रलिमि्स के लयि:

भारत-इटली प्रवासन और आवाजाही समझौता, यूरोपीय संघ, इटली की भौगोलकि अवस्थति, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थकि गलयिारा, वैश्वकि जैव ईंधन गठबंधन, ब्लू-रमन परयिोजना

मेन्स के लयि:

भारत और इटली के बीच सहयोग के क्षेत्र

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय मंत्रमिंडल** ने भारत और इटली के बीच **प्रवासन एवं आवाजाही समझौते** को **पूर्वव्यापी मंज़ूरी** दे दी।

भारत और इटली के बीच प्रवासन तथा आवाजाही समझौता क्या है?

- **परचिय:**
  - यह समझौता भारत और इटली के बीच लोगों के संबंधों को प्रगाढ़ करते हुए अनयिमति प्रवासन **से संबंधति मुद्दों पर सहयोग** को मज़बूत करने के लयि तैयार है।
  - यह **छात्रों, कुशल श्रमकिों, व्यावसायियों** और **युवा पेशेवरों** सहति वभिन्नि वर्गों के लयि आवाजाही की सुवधिा प्रदान करता है, उनके बीच वनिमिय तथा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - भारतीय छात्रों के लयि अस्थायी नविास: इटली में शैक्षणकि/व्यावसायकि प्रशकि्षण पूरा करने के बाद प्रारंभकि पेशेवर अनुभव हासलि करने के इच्छुक भारतीय वदि्यार्थयिों को 12 महीने तक के लयि अस्थायी नविास की अनुमतदिी जा सकती है।
  - श्रमकिों के लयि आरक्षति कोटा: समझौता गैर-मौसमी और मौसमी भारतीय श्रमकिों के लयि कोटा की रूपरेखा तैयार करता है, जसिमें मौजूदा फ्लो डकि्री के तहत वर्ष 2023-2025 में आरक्षति कोटा सीमा शामलि है।
    - इतालवी सरकार की वार्षकि **"फ्लो डकि्री" (डकि्रेटो फ्लुसी)** गैर यूरोपीय संघ के नागरकिों की अधकितम संख्या नर्िधारति करती है जो काम और स्व-रोज़गार के लयि इटली में प्रवेश कर सकते हैं।
- **क्रयिान्वयन:**
  - समझौता समाप्त होने तक स्वचालति नवीनीकरण के साथ **5 वर्षों** तक लागू रहेगा।
  - इसके कार्यान्वयन की देखरेख एक **संयुक्त कार्य समूह (JWG)** द्वारा की जाएगी, जो प्रगतकिा आकलन करने और कुशल नष्पादन के लयि सहायक उपाय सुझाने के लयि नयिमति आधार पर बैठक करेगा।

इटली के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- **परचिय:**
  - इटली **जूते के आकार (boot-shaped)** का प्रायद्वीप है जो दक्षणिी यूरोप से **एड्रयिाटकि सागर, टेरहेनयिन सागर, भूमध्य सागर** से घरिा हुआ है।
- **सीमावर्ती देश:**
  - इसकी **ऑस्ट्रयिा, फ्रान्स, होली सी (वेटकिन सटिी), सैन मैरनिो, स्लोवेनयिा और स्वट्ज़िरलैंड** के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ हैं।
  - यह **अल्बानयिा, अल्जीरयिा, क्रोएशयिा, ग्रीस, लीबयिा, माल्टा, मोंटेनेग्रो, स्पेन और ट्यूनीशयिा** के साथ समुद्री सीमाएँ भी साझा करता है।
- **सरकार का स्वरूप:** गणतंत्र

- **राजधानी:** रोम
- **मुद्रा:** यूरो
- **प्रमुख पर्वत:** आल्प्स, एपेनाइन
- **प्रमुख नदियाँ:** पो, अदगि, अर्नो, टाईबर

//

भारत और इटली के बीच सहयोग के अन्य क्षेत्र कौन से हैं?

- **ऐतिहासिक संबंध:**
    - इतालवी पत्तन शहरों ने व्यापारिक केंद्रों के रूप में मसाला व्यापार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
    - तेरहवीं शताब्दी में **वेनिस के व्यापारी मार्को पोलो ने** अपनी पूर्वी यात्राओं के हिस्से के रूप में भारत का दौरा किया और अपने अनुभवों पर एक रिपोर्ट तैयार की।
- **राजनीतिक:**
    - भारत और इटली के बीच राजनीतिक संबंध **वर्ष 1947** में स्थापित हुए।
    - **मार्च 2023** में भारत तथा इटली ने अपने संबंधों को **सामरिक साझेदारी** तक बढ़ाया।
- **आर्थिक:**
    - **वर्ष 2022-23 में** दोनों देशों के बीच **14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का द्विपक्षीय व्यापार किया गया।
        - इटली **यूरोपीय संघ** में भारत के **शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों** में से एक है।
    - इटली को भारतीय निर्यात की मुख्य वस्तुएँ **तैयार वस्त्र, चमड़ा, लौह अयस्क, मोटर वाहन, कपड़ा, रसायन, रत्न एवं आभूषण** हैं।
        - इटली से आयात की मुख्य वस्तुएँ सामान्य और **विशेष प्रयोजन यांत्रिकी, यंत्र उपकरण, धातुकर्म उत्पाद तथा अभियांत्रिकी संबंधी वस्तुएँ** हैं।
- **सुरक्षा:**
    - **भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह (India-Italy Military Cooperation Group- MCG)** दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- **भारत और इटली से संबंधित अन्य पहलें:**
    - भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा
    - वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन
    - ब्लू-रमन परियोजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-italy-migration-and-mobility-agreement